RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 17 • 29:1:2024 • सोमवार • मूल्य : 5/-



# बिहार में नई सरकार फिर नीतीशे कुमार

## 9वीं बार नीतिश कुमार बने मुख्यमंत्री, ली पद की शपथ



**पटना (एजेंसी)।** नीतिश कुमार ने 9वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। पटना स्थित राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने उन्हें पद और गोपनीयता के रूप में शपथ दिलाई। उनके साथ बीजेपी के दो डिप्टी सीएम ने भी शपथ ली है। इसमें सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा शामिल हैं। पटना स्थित राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान जय श्रीराम के नारे भी सुनाई दिए। रविवार को नीतिश के अलावा 8 अन्य नेताओं ने शपथ ली। इनमें जेडीयू और बीजेपी से तीन-तीन, हम से एक और एक निर्दलीय विधायक शामिल हैं। राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह रविवार शाम पांच बजे शुरू हुआ। राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने सबसे पहले नीतिश कुमार को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई। इसके बाद सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने पद और गोपनीयता की शपथ ली।

- **बीजेपी के सम्राट चौधरी-विजय सिन्हा बने डिप्टी सीएम**

### नीतिश बोले-जहां थे वहीं आ गए, अब कहीं नहीं जाऊंगा

शपथ ग्रहण के बाद सीएम ने कहा कि मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द होगा। साथ ही कहा कि अब कहीं जाने का कोई सवाल नहीं है। हम जहां थे अब फिर वहीं आ गए हैं। नीतिश ने आज सुबह 11 बजे ही इस्तीफा दिया था। इस्तीफे के साथ नई सरकार बनाने का दावा पेश किया था। इसके बाद दोपहर में भाजपा ने नई सरकार को समर्थन का औपचारिक ऐलान किया था। शाम पांच बजे हुए समारोह में नीतिश के साथ कुल 8 मंत्रियों ने शपथ ली।

## पहले से था पता, बिहार में नीतिश मारेंगे पलटी

### खरगे ने बोला हमला, कहा-देश में बहुत सारे आया राम, गया राम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सवा तीन साल के कार्यकाल में उनका यह दूसरा इस्तीफा है। अब वह इसी विधानसभा कार्यकाल के दौरान तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। नीतिश के इस्तीफे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हमला बोला है



और कहा है कि देश में कई आया राम, गया राम हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पहले से पता था कि नीतिश पलटी मारने वाले हैं। खरगे ने कहा कि हमने जब लालू यादव और तेजस्वी जी से बात की तो उन लोगों ने कहा था कि हमें लगता है कि वह हमारे हाथ से चले जाएंगे। उन्होंने कहा था कि यदि नीतिश कुमार अलग भी हो जाएंगे तब भी हम मिलकर लड़ेंगे। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम गठबंधन की खातिर चुप थे। हम चाहते थे कि अपनी तरफ से कुछ भी न बोला जाए ताकि कोई गलत संदेश न जाए। खरगे के आरोप पर जेडीयू नेता केसी त्यागी ने पलटवार किया है और आरोप लगाया है कि कांग्रेस इंडिया अलायंस को हड़पना चाह रही थी।

स्मार्ट कार्ड सबमिट करना होगा, हमले के बाद हुआ फैसला

# अब विजिटर्स के लिए आसान नहीं होगा संसद में प्रवेश

- **बदल गया पुराना एंट्री सिस्टम, पहले बायामीट्रिक जांच होगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद भवन परिसर में विजिटर्स की एंट्री के लिए नया सिस्टम बनाया गया है। ये बदलाव 31 जनवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र से ही लागू हो जाएंगे। यह प्रक्रिया तीन चरणों में होगी। इसके तहत संसद की कार्यवाही देखने के लिए गेस्ट को क्यूआर कोड लेना होगा। संसद में आते समय विजिटर्स को क्यूआर कोड का प्रिंट आउट और आधार कार्ड लाना होगा। इसके बाद उसे स्मार्ट कार्ड दिया जाएगा। जिसे टैप कराने और बायोमीट्रिक जांच के बाद ही वह संसद में एंट्री कर सकेगा। संसद में जाते समय अपना स्मार्ट कार्ड जमा करना होगा, अगर वह ऐसा नहीं करता तो ऑटोमेटिकली ब्लॉक और ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। फिर वह दोबारा कभी संसद कैंपस में एंट्री नहीं कर सकेगा।



दरअसल, यह बदलाव 13 दिसंबर की घटना के बाद किया गया है। जब विजिटर्स गैलरी से 2 शख्स सांसदों के बीच कूद गए थे और उन्होंने स्मोक कैन जलाकर नारेबाजी की थी। बजट सेशन के लिए पास लेने विजिटर्स 31 जनवरी शाम 4 बजे तक ही आवेदन कर सकते हैं। इतना ही नहीं सांसदों को उस दिन के लिए विजिटर्स गैलरी के लिए केवल एक पास का आवेदन करने के लिए कहा गया है। इसमें भी सांसद के जीवनसाथी को प्राथमिकता दी जाएगी। सांसदों को सलाह दी गई है कि वे इस बात पर जोर दें कि उनके मेहमान/आगंतुक पब्लिक गैलरी पास के लिए आवेदन के साथ अपना सही पता, फोन नंबर और आधार कार्ड की एक कॉपी जमा करें। विजिटर्स गैलरी की सीट फुल होने पर आगे के पास तत्काल रोक दिये जाएंगे। सांसदों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अंतरिम बजट के दौरान गैलरी पास के लिए केवल ऑनलाइन आवेदन करें।

## देश के युवा कृपया ध्यान दें! रेल मंत्री ने दी बड़ी खुशखबरी

### डेढ़ लाख पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया पूरी, अब हर साल आएगी वैकेंसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बड़ी खुशखबरी दी है। उन्होंने कहा कि रेलवे अधिक रोजगार के अवसर देने की योजना बनाने लगा हुआ है और 1.5 लाख पदों के लिए रोजगार प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। वैष्णव ने कहा, 1 लाख 50 हजार कर्मचारियों के लिए रोजगार प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई। इसके तुरंत बाद सहायक लोको पायलट के चयन से नई प्रक्रिया शुरू कर दी गई। यह इस दिशा में पहला कदम है। उन्होंने वार्षिक रोजगार प्रक्रिया और इसके पीछे के मकसद का भी जिक्र किया। रेल मंत्री ने कहा, ग्रुप डी में तकनीकी और गैर-तकनीकी कैटेगरी में रोजगार के अधिक मौके मिलेंगे।



मन की बात

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ने करोड़ों लोगों को एक सूत्र में बांध दिया है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को इस साल पहली बार अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दो दिन पहले हम सभी देशवासियों ने 75वां गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम से मनाया है। उन्होंने कहा, इस साल हमारे संविधान के भी 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं और सुप्रीम कोर्ट के भी 75 वर्ष हो रहे हैं। हमारे लोकतंत्र का ये पर्व मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में भारत को और सशक्त बनाते हैं। 2024 के पहले मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर ने देश के करोड़ों लोगों को मानो एक सूत्र में बांध दिया। सबकी भावना एक, सबकी भक्ति एक, सबकी बातों में राम... देश के अनेक लोगों ने इस दौरान राम भजन गाकर उन्हें श्रीराम के चरणों में समर्पित किया। 22 जनवरी की

- **बोले प्रधानमंत्री मोदी, बताया-गणतंत्र दिवस परेड में दिखी नारी शक्ति**



शाम को पूरे देश ने रामज्योति जलाई, दीवाली मनाई। पीएम मोदी ने कहा कि इस बार 26 जनवरी की परेड बहुत ही अद्भुत रही, लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा परेड में महिला शक्ति को देखकर हुई। जब कर्तव्य पथ पर केंद्रीय सुरक्षा बलों और दिल्ली पुलिस की महिला टुकड़ियों ने कदमताल शुरू किया।




## बाज नहीं आ रहे हूती आतंकी एक बार फिर किया हमला

### अब ब्रिटिश तेल टैंकर पर दागी मिसाइल, मदद के लिए आगे आई इंडियन नेवी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यमन के हूती आतंकवादियों की हरकतें लगातार जारी हैं। अब उन्होंने ब्रिटिश तेल टैंकर एमवी मार्लिन लुआंडा पर मिसाइल दागी है। इस हमले की वजह से टैंकर में आग लग गई। यह अदन की खाड़ी के प्रमुख नौवहन मार्ग में ईरान



समर्थित समूह से जुड़ी नई घटना है। आग बुझाने के प्रयासों में मदद के लिए भारतीय नौसेना ने भी अपनी एक टीम भेज दी है। नेवी ने बताया कि उसके निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम ने एमवी मार्लिन लुआंडा पर अग्निशमन प्रयासों के लिए एक टीम तैनात की है, जिसके चालक दल के सदस्यों में 22 भारतीय और एक बांग्लादेशी है। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि आग बुझाने में मदद के लिए एमवी मार्लिन लुआंडा की ओर से अपील की गई थी। इसके बाद आईएनएस विशाखापत्तनम ने अग्निशमन उपकरणों के साथ अपनी एनबीसीडी टीम को तैनात किया है।

## राहुल गांधी के बॉडी डबल पर जल्द करूंगा खुलासा

### हिमंता ने फिर बोला हमला; कहा-डुप्लीकेट का नाम भी बताऊंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बॉडी डबल को लेकर राहुल गांधी पर फिर से हमला किया है। अपने ताजा बयान में हिमंता ने कहा है कि वह बहुत जल्द ही राहुल गांधी के बॉडी डबल का नाम और पता भी बताएंगे। गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बीते दिनों न्याय यात्रा की शुरुआत की थी। हिमंता ने आरोप लगाया था कि उत्तर पूर्वी प्रदेशों की यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने बॉडी डबल का इस्तेमाल किया था। इससे पहले कांग्रेस ने असम में राहुल गांधी की यात्रा पर हमले का आरोप लगाया था। वहीं, राहुल गांधी ने हिमंता को देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री बताया था। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं यूं ही कोई बात नहीं करता हूं। उन्होंने कहा कि डुप्लीकेट कौन था और इसे किस तरह से अंजाम दिया गया, इसके बारे में विस्तार से जानकारी दूंगा। हिमंता ने कहा कि वह बॉडी डबल का नाम और पता तक की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि फिलहाल में दो दिनों के दौरे पर डिब्रूगढ़ आया हूं। जब एक बार मैं गुवाहाटी पहुंचूंगा तो डुप्लीकेट के बारे में सारी जानकारी दूंगा। हिमंता ने आरोप लगाया था कि राहुल गांधी अपनी बस यात्राओं के दौरान बॉडी



डबल का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा था कि बस में जो व्यक्ति आगे की तरफ बैठा होता है वास्तव में राहुल गांधी नहीं होते हैं। असम के मुख्यमंत्री ने इसको लेकर साजिश की भी आशंका जताई थी। उन्होंने यह भी कहा था कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस जिस बस का इस्तेमाल कर रही है।

## मंदिर तोड़कर बनी मस्जिद में नमाज शरीयत के खिलाफ

- **ज्ञानवापी हिंदुओं को सौंपें मुसलमान, बोले आचार्य सत्येंद्र दास**

**अयोध्या (एजेंसी)।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने काशी के ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने रविवार को मुसलमानों से अपील की कि वे इस जगह को हिंदुओं को सौंप दें। उन्होंने कहा, मुसलमानों के शरीयत में यह कहा गया है कि अगर मंदिर तोड़कर कोई मस्जिद बनाई गई हो तो वहां पर नमाज अदा नहीं किया जा सकता है। जब यह प्रत्यक्ष हो गया है कि मंदिर तोड़कर मस्जिद बनी है तो ज्ञानवापी मस्जिद को मुसलमानों को खुद ही हिंदुओं को समर्पित कर देना चाहिए। इस तरह से भाईचारा बना रहेगा। आचार्य सत्येंद्र दास ने विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही, जिसमें उन्होंने ज्ञानवापी की एएसआई सर्वे रिपोर्ट का हवाला दिया था। मुख्य पुजारी ने कहा, जब उनके (मुसलमानों) शरीयत में मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने की इजाजत नहीं है तो फिर उन्हें आलोक कुमार का सुझाव मान लेना चाहिए।






# आदित्य एल-1 के बाद इसरो का नया मिशन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) जल्द ही एक और खुशखबरी देने की तैयारी में है। इसरो ने कहा कि मौसम संबंधी उपग्रह इनसेट-3डीएस को जीएसएलवी एल14 पर प्रक्षेपित किया जाना है। इसके लिए उसे श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) एसएचएआर के लिए रवाना कर दिया गया है। सैटेलाइट ने बेंगलुरु स्थित यूआर राव उपग्रह केंद्र में उपग्रह संयोजन, एकीकरण और परीक्षण गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरा किया था। यह सैटेलाइट पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के साथ एक यूजर-फंडेड प्रोजेक्ट है, जिसे 2275 किलोग्राम के 'लिफ्ट-ऑफ' द्रव्यमान के साथ इसरो के आई-2के बस प्लेटफॉर्म के आसपास कंबाइंड किया गया है। मालूम हो कि उपग्रह के निर्माण में भारतीय उद्योगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लिफ्ट ऑफ द्रव्यमान रॉकेट का प्रारंभिक द्रव्यमान होता है। लिफ्ट ऑफ द्रव्यमान में ईंधन और ऑक्सीडाइजर का कुल द्रव्यमान शामिल होता है। सूत्रों के मुताबिक, अंतरिक्ष एजेंसी फरवरी के मध्य में प्रक्षेपण का लक्ष्य लेकर चल रही है। सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो इसे तय वक्त पर भी लॉन्च किया जाएगा। इसरो ने कहा, इनसेट 3डीएस पीएसएलवी की ओर से निर्मित एक विशेष मौसम संबंधी उपग्रह है जिसका प्राथमिक उद्देश्य मौजूदा कक्षा में इनसेट-3डी और 3डीआर उपग्रहों को सेवाओं की निरंतरता प्रदान करना है। साथ ही इससे इनसेट सिस्टम की क्षमताओं को काफी हद तक बढ़ाने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि इसरों ने पिछले साल कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कीं। चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को आसानी से उतारा गया। साथ ही सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत की पहली अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 का लॉन्च हुआ। इसरो ने गगनयान का पहला मानवरहित उड़ान परीक्षण भी 2023 में पूरा कर लिया। भारत चांद के अज्ञात दक्षिणी ध्रुव में यान उतारने वाला पहला देश भी बन गया।

- **स्पेशल सैटेलाइट लॉन्च करने की तैयारी, जल्द देगा खुशखबरी**

## संक्षिप्त समाचार

### दरभंगा एयरपोर्ट पर हुआ छह विमानों का आवागमन, कई फ्लाइटें रद्द; मायूस होकर लौटे यात्री




**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा एयरपोर्ट से शुक्रवार को छह विमानों का आवागमन हुआ। इनसे 908 यात्रियों ने यात्रा की, जबकि छह विमान रद्द रहे। दिल्ली से आने वाली दो और मुंबई से प्रस्तावित एक फ्लाइट रद्द हो गई। इस वजह से उक्त फ्लाइट से दिल्ली व मुंबई की यात्रा के लिए एयरपोर्ट पहुंचे यात्रियों को मायूस होकर लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार, बेंगलुरू से दरभंगा आने वाली फ्लाइट निर्धारित समय 12.55 से एक घंटा पांच मिनट विलंब से दो बजे पहुंची। कोलकाता से दरभंगा आनेवाली फ्लाइट निर्धारित समय 12.05 से एक घंटा 49 मिनट विलंब से 1.54 में पहुंची। हैदराबाद से दरभंगा आनेवाली फ्लाइट निर्धारित समय दो बजे से 37 मिनट विलंब से 2.37 में पहुंची। हालांकि, उड़ान रद्द होने की सूचना संबंधित विमानन कंपनियों ने अपनी वेबसाइट पर दे दी थी। इसके बावजूद कई यात्री एयरपोर्ट पहुंच गए थे। उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। बताते चलें कि दरभंगा एयरपोर्ट पर खराब मौसम में फ्लाइट के आवागमन की सुविधा अब तक उपलब्ध नहीं हो सकी है, जबकि दरभंगा से व्यावसायिक उड़ान शुरू हुए तीन वर्ष से अधिक हो गए हैं। एयरपोर्ट पर ग्राउंड लाइटिंग का कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में खराब मौसम में फ्लाइट के रद्द होने की आशंका बनी रहती है।

### प्रैक्टिकल परीक्षा में छात्र-छात्राओं से रुपये लेने का वीडियो वायरल, हेडमास्टर निलंबित

**गया, एजेंसी।** बिहार में गया जिले के डुमरिया प्रखंड की भंगिया पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में छात्र-छात्राएं इंटरमीडिएट प्रायोगिक परीक्षा दे रहे हैं। इस दौरान बच्चों से पांच-पांच सौ रुपये लेकर हेडमास्टर मनीष कुमार द्वारा नंबर बढ़ाए जाने का कथित वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है। आरोप है कि रुपये देने से मना करने पर हेडमास्टर ने फेल करने की धमकी दी। इस पर छात्र-छात्राओं ने हंगामा कर दिया। छात्रों ने कहा कि हेडमासटर ने पांच-पांच सौ रुपये लिए हैं। शिक्षक विकास व अमित कुमार ने बताया कि हेडमास्टर की हरकतों से शिक्षक-शिक्षिका परेशान हैं। पैसे लेने का विरोध करने पर हेडमास्टर ने शिक्षकों को भी धमकी दी। इस बाबत पूछे जाने पर हेडमास्टर से कहा कि उन्होंने किसी से रुपये नहीं मांगे।

# नीतिश कुमार ने 220 दिनों में कैसे पलटा आईएनडीआईए का गेम बंगाल-पंजाब के बाद बिहार में भी हो गया खेला

**पटना, एजेंसी।** नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने एनडीए में जाने का फैसला भी कर लिया है। आज शाम को वह बिहार के 9वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। उनके इस्तीफे के बाद बिहार में सियासी भूचाल आ गया है। राष्ट्रीय जनता दल ने भी अब खुलकर नीतीश पर निशाना साधना शुरू कर दिया है। हालांकि, अब आपके मन में यह सवाल जरूर आ रहा होगा कि इंडी गठबंधन अब क्या करेगा, क्योंकि नीतीश कुमार ही इस गठबंधन के अगुवा थे।

बता दें कि इंडी गठबंधन को बनाने में नीतीश कुमार ने सबसे अहम भूमिका अदा की थी। नीतीश कुमार ही वो नेता थे जिन्होंने सबसे पहले बीजेपी के सामने देश को एक विकल्प देने का प्लान तैयार किया। उन्होंने विभिन्न प्रदेशों के नेताओं को साथ लिया और कांग्रेस को भी भरोसे में लिया। इसके बाद इंडी गठबंधन को बनाया गया। आपको जानकर हैरानी होगी कि जिस इंडी गठबंधन को अब नीतीश कुमार ने साइडलाइन कर दिया है, उसकी नींव उन्होंने पटना में ही रखी थी।

नीतीश कुमार की अगुवाई में इंडी गठबंधन की पहली बैठक पिछले साल 23 जून को हुई थी। इसके बाद दूसरी बैठक बेंगलुरु, फिर तीसरी बैठक मुंबई और चौथी बैठक दिल्ली में हुई। 1 साल से भी कम समय यानी 220 दिनों में ही इंडी गठबंधन के साथ नीतीश कुमार ने खेला कर दिया। आज भले ही खरगे यह कह रहे हों कि ÷देश में कई लोग आयाराम-गयाराम हैं÷, लेकिन कुछ समय पहले तक इंडी गठबंधन ने ही नीतीश कुमार को संजोयक बनाने का प्रस्ताव दिया था। हालांकि, नीतीश कुमार ने खुद ही इस पद को ठुकरा दिया।

दरअसल, नीतीश कुमार की नाराजगी कई बार साफ देखने को मिली। जनता दल यूनाइटेड के नेता भी इंडी गठबंधन से नाराज चल रहे थे। सबसे बड़ी वजह थी समय पर सीट शेयरिंग ना हो पाना। नीतीश कुमार कई बार यह बात कह चुके थे सीट शेयरिंग में देरी करने से इंडी



गठबंधन को नुकसान होगा। जदयू के मुख्य प्रवक्ता केसी त्यागी ने भी कहा था कि समय रहते सीट शेयरिंग कर लेनी चाहिए, लेकिन उनकी बातों का कोई असर नहीं हुआ। लालू यादव ने तो नीतीश के उलट ही बयान दिया। लालू यादव ने कहा कि कोई जल्दबाजी नहीं है। सबकुछ आराम से हो जाएगा।

राजनीतिक जानकार मानते हैं कि सीट शेयरिंग पर नीतीश कुमार की नाराजगी लगातार बढ़ रही थी। ऐसे में उनके इस्तीफे का ये बड़ा कारण हो सकता है। वहीं, नीतीश कुमार के वन टू वन फॉर्मूले पर भी सहमति नहीं बनी थी। नीतीश कुमार शुरू से चाहते थे कि बीजेपी के सामने वन टू वन फॉर्मूले को लागू किया जाए यानी एक उम्मीदवार के बदले विपक्ष का उम्मीदवार चुनाव लड़े। इस पर कोई सहमति नहीं बनी थी। ऐसे में साफ था कि नीतीश कुमार ने भले ही इंडी गठबंधन की नींव रखी हो, लेकिन उनकी किसी बात को खास तवज्जो नहीं दी जा रही थी।

नीतीश के इस्तीफे से पहले ही केसी त्यागी ने भी इंडी गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया था। केसी त्यागी ने शनिवार को समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में कहा, ÷इंडी गठबंधन टूट की कगार पर है। जिस मेहनत से और जिस इरादे से नीतीश कुमार ने इसे संगठित किया था... कांग्रेस पार्टी के गैरजिम्मेदाराना और अड़ियल रवैये ने इसे तार-तार कर दिया है।

उन्होंने आगे कहा कि पंजाब में अकाली दल और बीजेपी के साथ आने की संभावना बढ़ी है और कांग्रेस और आप (आम आदमी पार्टी) के बीच झगड़े की भी संभावना बढ़ी है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव जी कांग्रेस पार्टी के रवैये से दुखी हैं और उन्होंने कांग्रेस पार्टी को सुझाव दिया है कि ज्यादा जिम्मेदारी के साथ वो पेश आएं।

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी भी इंडी गठबंधन का हिस्सा है, लेकिन उसने भी लोकसभा चुनाव में एकला चलो रे के संकेत दे दिए हैं। सीट बंटवारे को लेकर जहां कांग्रेस और टीएमसी में तनातनी जारी थी कि ममता बनर्जी ने 42 सीटों पर अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान कर दिया।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, ÷कांग्रेस पार्टी के साथ मेरी कोई चर्चा नहीं हुई। मैंने हमेशा कहा है कि बंगाल में हम अकेले लड़ेंगे। मुझे इस बात की चिंता नहीं है कि देश में क्या किया जाएगा, लेकिन हम एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी हैं और बंगाल में हैं। हम अकेले ही भाजपा को हरा देंगे।÷ पंजाब में भी इंडी गठबंधन की हालत टाइट है। आम आदमी पार्टी अकेले ही लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कह चुकी है। वहीं, कांग्रेस की पंजाब इकाई भी आप के साथ राज्य में गठबंधन करके चुनाव नहीं लड़ना चाहती है।

## दरभंगा में 11 बजे से खुलेंगे स्कूल, अति शीत दिवस को लेकर लिया गया फैसला ; आंगनबाड़ी केंद्रों को एहतियात बरतने की दी सलाह

**दरभंगा, एजेंसी।** मौसम संबंधी प्रतिकूलता के मद्देनजर राज्य के आपदा प्रबंधन विभाग ने परामर्श निर्गत किया है। आगामी 29 जनवरी तक अतिशीत दिवस जैसी स्थिति जारी रहने की संभावना है। इसके आलावा में जिलाधिकारी राजीव रौशन ने दरभंगा जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधि तत्काल प्रभाव से 29 जनवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक निर्धारित किया है।

नवमी से बारहवीं की पढ़ाई का समय एवं बोर्ड की तैयारी सहित सभी शिक्षक प्रशासनिक कार्यों का निष्पादन करते हुए विभाग से तय अवधि तक विद्यालय में बने रहेंगे। इस अवधि में निजी विद्यालय प्रबंधन अपने स्तर से शैक्षणिक गतिविधियों के समय में परिवर्तन हेतु स्वतंत्र होंगे।



उन्होंने जिले के सभी निजी एवं सार्वजनिक स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सभी निजी व सार्वजनिक संस्थानों तथा आवागमन के लिए एहतियात बरतने की सलाह दी है। कहा है कि सभी स्कूली बच्चे, शिक्षक, नागरिकगण पर्याप्त कपड़े यथा स्वेटर, कोट, टोपी, गुलेबंद, दस्ताना, मोजा-जूता आदि पहनकर ही संस्थान आएं अथवा घर से बाहर निकलें।

विद्यालयों के कमरे एवं दरवाजों की सभी खिड़कियां आदि इस प्रकार प्रबंधित की जाए कि प्रत्यक्ष रूप से कमरों में ठंडी हवा का प्रवेश न हो पाए। इसके लिए खिड़की, दरवाजे आदि की मरम्मत करा ली जाए। ठंड से बचने के लिए विद्यालय में उचित निगरानी के साथ आवश्यकतानुसार अलाव जलाने की व्यवस्था की जा सकती है,परंतु ध्यान रखा जाए कि इससे आगजनी की घटना न हो।

विद्यालय बंद होने पर पूर्णतया उसे बुझा दिया जाए। बिजली की उपलब्धता पर कमरों में हीटर आदि की व्यवस्था की जा सकती है। बचाव के उपायों को अपनाने के लिए गर्म पेय पदार्थ के सेवन आदि पर बल दिया जाए। हर हाल में यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा नीचे जमीन अथवा बोरा पर बैठ कर पढ़ाई न करे, इससे ठंड लगने की आशंका हो सकती है।

विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में प्राथमिक उपचार किट की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए, ताकि अचानक ठंड लगने अथवा बीमार पड़ने की स्थिति में तत्काल प्राथमिक उपचार हो सके तथा ठंड लगने या बीमार होने की स्थिति में इलाज के लिए अविलंब प्राथमिक चिकित्सा केंद्र ले जाया जाए। बीमार,कमजोर, शीत संवेदनशील बच्चों को शीत लहर के दौरान अनिवार्यतः विद्यालय आने हेतु दबाव नहीं बनाया जाए। इस कारण नामांकन आदि रद न किया जाए। कोहरे के मद्देनजर सभी वाहनों की गति सीमित रखने की कार्रवाई की जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी परिस्थिति में सड़क के यातायात वाले हिस्से में कोई गाड़ी पार्क न हो।

## बिहार में शिक्षा माफिया फिर सक्रिय, पैसे लेकर नंबर बढ़ाने का खेल उजागर



**भागलपुर, एजेंसी।** जिले में शिक्षा माफिया सक्रिय हैं। क्योंकि जिले में मैट्रिक व इंटर के प्रायोगिक परीक्षा में पैसे लेकर नंबर बढ़ाने का खेल का मामला उजागर हुआ है। पिछले दिनों शिक्षा विभाग को जो सूचना मिली थी वह अब सही होती प्रतीत हो रही है।

गोराडीह प्रखंड स्थित गांधी इंटर उच्च विद्यालय जमीन मुरहन हाट की प्रायोगिक कापियां जिला शिक्षा विभाग कार्यालय पहुंची है। उसमें दर्जनों ऐसे छात्र-छात्राएं मैट्रिक इंटर के शामिल हैं। जिनकी कॉपी ही जांच नहीं की गई है। जिनकी जांच की गई है उनका एवार्ड सीट बोर्ड को भेजा भी नहीं गया है।

शनिवार को कॉपियों की जांच डीपीओ एमडीएम आनंद विजय और परीक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा की गई है। मैट्रिक के प्रायोगिक कॉपी तो जांच ही नहीं की गई है। जबकि इंटर के कुछ कापियों की जांच की गई है। अभी कई बंडल कॉपियां जस की तस रखी हुई है। इसकी भी जांच की जाएगी साथ ही साथ जिले के 285 इंटर उच्च विद्यालयों की कॉपियां भी जांच की जाएगी। इसके लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा विशेष जांच टीम का गठन किया जाएगा। डीईओ संजय कुमार ने बताया कि इसमें सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ-साथ सभी प्रखंड के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

गांधी उच्च विद्यालय जमीन मुरहनहाट के प्रायोगिक कापी की बात करें तो इंटर के आर्ट्स में पढ़ने वाली रेशम कुमारी की जियोग्राफी की कॉपी पूरी तरह से भरी हुई है, लेकिन उनके एवार्ड सीट को बोर्ड नहीं भेजा गया है। जबकि मोनी कुमारी आर्ट्स की छात्रा है उनकी कॉपीपूरी तरह से खाली है जबकि उनका एवार्ड सीट गायब है।

इसके अलावा सिकंदर कुमार श्रवण कुमार, अरुण कुमार जो परीक्षा में तो अनुपस्थित है। लेकिन उनका एवार्ड सीट भेज दिया गया है। तो कई इंटर की प्रायोगिक की कापी ऐसी है जिसपर एक्सटर्नल विक्षक का हस्ताक्षर नहीं है। तो कहीं पर केंद्राधीक्षक के मोहर लगे हुए हैं लेकिन हस्ताक्षर नहीं है।

वहीं स्पष्ट होता है कि जिन विद्यार्थियों ने प्रायोगिक के लिए पैसा जमा किया है उनका रिजल्ट बोर्ड को भेजा गया है जिन्होंने नहीं दिया उनका एवार्ड सीट रोक लिया गया है। डीपीओ एमडीएम आनंद विजय ने बताया कि इससे स्पष्ट होता है कि मूल्यांकन में गड़बड़ी की गई है। इससे कई परीक्षार्थियों का रिजल्ट प्रभावित हो सकता है। जिला शिक्षा विभाग को गांधी इंटर उच्च विद्यालय मुरहनहाट सहित साथ से अधिक स्कूलों के बारे में जानकारी मिली थी कि वहां पर मैट्रिक इंटर के मूल्यांकन में पैसे का खेल चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यहां पर इसमें कई शिक्षक के शामिल होने का अंदेशा है।

इसी बात की जानकारी को लेकर 25 जनवरी को जिला शिक्षा पदाधिकारी ने डीपीओ को वहां जांच के लिए भेजा था। वहीं विभागीय सूत्रों का कहना है कि लाइब्रेरियन के अलावा इसमें आर्टस व विज्ञान के शिक्षकों ने धांधली की है। मूल्यांकन के नाम पर नंबर बढ़ाने को लेकर लाखों रुपए कमाए हैं।

वहीं मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार को लाइब्रेरियन गोपाल महाराणा स्कूल पहुंचे थे। जहां उन्होंने अपना कार्य भी किया। वही डीपीओ एमडीएम के द्वारा लाइब्रेरियन पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

साथ ही साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा उन पर कार्रवाई को लेकर नियोजन इकाई को प्रपत्र क गठित करते हुए पत्र भी भेजा गया है। दूसरी तरफ दोनों तरफ से हुई प्राथमिकी जांच गोराडीह पुलिस द्वारा की जा रही है।

## राजनीतिक गहमागहमी के बीच गया में तीन बम ब्लास्ट, बैग में रखे थे विस्फोटक ; ऐसे हुआ धमाका

**वजीरगंज (गया), एजेंसी।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के जमुआवां में जलावन की लकड़ी इकट्ठा करने गए चार दोस्त इस दौरान आलू पकाने के लिए एक झाड़ी में गए, जहां वे अपराधियों द्वारा छिपाकर रखे एक प्लास्टिक के थैले में रखे बमों की चपेट में आकर घायल हो गए।चार में से एक दोस्त के थैले के उठाते ही एक के बाद तीन बम फट पड़े, जिससे चारों दोस्त सनोज, छोटू कुमार, राहुल कुमार एवं रविंद्र मांझी घायल हो गए। सभी जमुआवां टोला शिवपुरी के निवासी हैं।मिली जानकारी के अनुसार चारों युवक जंगल में गए थे। वहीं पर एक प्लास्टिक थैले में तीन बम रखे थे। दोस्तों को थैले को देखने की उत्सुकता हुई। 15 वर्षीय सनोज कुमार के थैले को हाथ में लेते ही एक बम फटा। फिर, दो और बम भी फटे। सनोज का हाथ पूरी तरह से जख्मी हो गया। जबकि, तीन अन्य दोस्तों को मामूली जख्म लगे।

बम विस्फोट की आवाज सुनकर ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे। घायलों का प्राथमिक इलाज वजीरगंज सीएचसी में किया गया। वहां से सनोज को छोड़ अन्य तीन को शनिवार को छुट्टी दे दी गई।

चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नितिन कुमार ने बताया कि बुरी तरह घायल सनोज को बेहतर इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि, वह बीच रास्ते में ही एंबुलेंस से उतरकर निजी अस्पताल में इलाज करवाने चला गया।

वजीरगंज के थानाध्यक्ष रामलखन पंडित ने कहा कि पुलिस बम विस्फोट की जांच कर रही है। माना जा रहा है कि अपराधियों ने किसी घटना को अंजाम देने के लिए झाड़ी में बमों को छिपाकर रखा था। सूतली बम होने के कारण कोई बड़ी घटना नहीं हुई।

## मुजफ्फरपुर में बीपीएससी शिक्षकों की सैलरी क्यों फंसी वजह आ गई सामने

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार लोक सेवा आयोग से चयनित शिक्षक वेतन के लिए टकटकी लगाए बैठे हैं। नियुक्ति के बाद से शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं हो सका है। ये सभी वेतन के इंतजार में हैं। एचआरएमएस और डाटा बेस के पेंच में भुगतान फंस गया है। उधर, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रफुल्ल कुमार मिश्र ने बताया कि विभाग से डाटा बेस आने के बाद भुगतान किया जाएगा। बीपीएससी से प्रथम फेज में छह हजार 143 शिक्षकों की नियुक्ति हुई। शिक्षकों के पदस्थापन के बाद ही शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने सभी जिला शिक्षा अधिकारी व जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना को अविलंब वेतन भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चत करने का आदेश दिया।

अपर मुख्य सचिव के आदेश के आलोक में शिक्षकों का वेतन भुगतान किया गया, लेकिन बड़ी संख्या में शिक्षकों का शिक्षा



विभाग से डाटा बेस नहीं आ सका है। इसकी वजह से शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं किया जा सकता है। वहीं कई शिक्षक ने एचआरएमएस खोलने में गड़बड़ी की, किसी ने प्रान नंबर खोलने में गड़बड़ियां कीं। इन सब कारणों से वेतन भुगतान का मामला अटक गया है। उधर, शिक्षा विभाग ने मुख्यालय को वस्तुस्थिति से अवगत कराया है। वेतन के अभाव में बीपीएससी से चयनित शिक्षक मायूस हैं। सबसे अधिक दूसरे प्रदेश से आए शिक्षक परेशान हैं। क्योंकि उनको उधार पैसा देने वाला कोई नहीं है। काउंसिलिंग के बाद से किसी भी शिक्षकों को शिक्षा विभाग ने घर जाने का मौका नहीं दिया। इस वजह से काफी परेशानियां हो रही हैं। एक शिक्षक ने कहा कि बार-बार घर से पैसा मांगना अच्छा नहीं लगा रहा।

## बिहार में कोल्ड-डे का अलर्ट ! जरूरी रहने पर ही घर से निकलें

**गया, एजेंसी।** जिले में बढ़ती ठंड के प्रकोप को देखते हुए जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम के निर्देश के आलोक में बिहार सरकार द्वारा संचालित वस्त्र वितरण योजना अंतर्गत जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग से प्रमुख चौराहों पर रह रहे असहाय निर्धन लोगों के बीच जाकर कंबल बांटने का कार्य किया जा रहा है। गत सात दिनों से गया को कोल्ड डे का अलर्ट घोषित है।

आपदा प्रबंधन विभाग बिहार सरकार ने शीतलहर व ठंड से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी की है। जिला पदाधिकारी ने आम लोगों से अपील की है कि जब तक बाहर जाने की जरूरत या आवश्यकता न हो यथासंभव घर के अंदर ही सुरक्षित रहें। स्थानीय समाचार पत्र, रेडियो या टेलीविजन के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें।

उक्त परिप्रेक्ष्य में सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने क्षेत्र में मध्यरात्रि में विभिन्न जगहों पर भ्रमण करते हुए उन असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण करेंगे। डीएम ने निर्देश दिया है कि असहाय लोग जो बढ़ती ठंड के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहे हैं। उन्हें उनके बीच कंबल का वितरण करें। साथ ही अधिक संख्या में विभिन्न जगहों पर अलाव जलाने का प्रबंध भी करवाए।



1172 जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित बताया गया कि गया सदर, शेरघाटी, टेकारी एवं नीमचक बथानी के अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा भी अपने अपने क्षेत्र के चौक चौराहे पर 1172 से ज्यादा असहाय व्यक्तियों के बीच कंबल वितरण किया गया है। डीएम ने स्वयं भी मध्य रात में निकालकर 172 असहाय व्यक्तियों को स्वयं अपने हाथों से कंबल ओढ़ाया है।

बढ़ती ठंड को देखते हुए गया नगर निगम के द्वारा 20 स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। इसमें गांधी मैदान रेन बसेरा, पंचायती अखाड़ा रेन बसेरा, गया स्टेशन, बैरागी रेन बसेरा, काशीनाथ मोड, चांद चौरा, विष्णुपद, कुष्ठ अस्पताल, रामशिला मोड, आजाद पार्क, चौक किरण सिनेमा, दिग्घी मोड, राजेंद्र आश्रम, गवाल बीघा, बाटा मोड़, मानपुर बस स्टैंड, नई गोदाम मोड, रेलवे गुमटी नंबर 1, समीर तकिया दुर्गा स्थान एवं खलिस पार्क शामिल है।

18 दिसंबर से ही 17 स्थलों पर अलाव जलाया जा रहा था, बढ़ती ठंड देखते हुए दिग्घी मोड, रामशिला मोड एवं गेवाल बिगहा मोड पर भी अलाव की व्यवस्था की गई है। जिले में 204 से अधिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था हुई है। इसमें अब तक 77033 किलोग्राम लकड़ी का प्रयोग हुआ है। डीएम ने सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि कोल्ड डे को देखते हुए अतिरिक्त स्थान पर भी अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करवाए।

गया नगर निगम के छह रैन बसेरा में अब तक 2319 लोग आश्रय लिये हैं। इसके अलावा जिले के विभिन्न रैन बसेरों में 6040 व्यक्ति आश्रय किये हैं।

# सरस्वती पूजा की तैयारियां शुरू, अजंता व कोलकाता की तर्ज पर बन रहीं प्रतिमाएं होंगी खास

- सप्ताहभर में शुरू होगा प्रतिमाओं में रंग भरने का कार्य
- 14 फरवरी को मनाई जाएगी सरस्वती पूजा



### प्रतिमा निर्माण में मूर्तिकार हैं सक्रिय

**मोतिहारी। शहर के जानपुल, छोटा बरियारपुर, धर्मसमाज चौक, शांतिपुरी, छतौनी चौक, मठिया मोड़ आदि विभिन्न जगहों पर मां सरस्वती की प्रतिमा बनाने का कार्य जोरों पर है। छोटा बरियारपुर में मां की प्रतिमा निर्माण कार्य में जुटे कलाकार राजु रंजन वर्मा बताते हैं कि मां सरस्वती की प्रतिमा बनाने का कार्य दो-तीन माह पूर्व हम लोग शुरू कर देते हैं। सप्ताहभर में प्रतिमांओं में रंग भरने का कार्य शुरू हो जाएगा। अजंता व कोलकाता की तर्ज पर कई प्रतिमाएं बनी हैं और भी बनाएंगे। इस कार्य में हम लोग दिन-रात लगे हैं।**

चाणक्य भूमि। पताही

सरस्वती पूजनोत्सव करीब है। जिले में पूजनोत्सव की तैयारियों के मद्देनजर बढ़ी चहल-पहल से बसंत के आगमन का आभास होने लगा है। प्रखंड अंतर्गत शहर से लेकर गांव तक पूजनोत्सव की तैयारियों की धूम है। मूर्तिकारों का तीन माह पूर्व शुरू मां की प्रतिमाओं निर्माण कार्य अब अंतिम दौर में है। सप्ताहभर में मां की प्रतिमाओं का निर्माण पूरा होने के साथ इसमें रंग भरने का कार्य शुरू हो जाएगा। अजंता व कोलकाता की तर्ज पर बनने वाली प्रतिमाएं खास होंगी। विदित हो कि जिले में सरस्वती पूजा का खास क्रेज होता है। 2-3 हजार से ज्यादा मां की प्रतिमाएं बसंत पंचमी के मौके पर प्रतिस्थापित कर जगह-जगह विधि विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। बताते चले कि विगत कुछ साल पूर्व प्रतिमाएं, सामान्य व देसी किस्म की होती थीं। अब स्थानीय स्तर पर सुंदर व डिजायनर प्रतिमाएं बनने से युवाओं की टोलियों को दूसरे शहर का रूख नहीं करना पड़ेगा। पूजनोत्सव को लेकर युवाओं की टोली अपनी-अपनी प्रतिमाओं को स्थापित करने की जगह सुरक्षित करने में लगी हैं। वहीं जगह-जगह चंदा संग्रहण का भी कार्य चल रहा।

## मुजफ्फरपुर के मेगा शॉप मॉल में शटर काट कर लाखों की चोरी

**मुजफ्फरपुर।** मेगा शॉप मॉल में शटर काट कर चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है हालाँकि सारी घटना सी सी टी भी में कैद हो गई है और पुलिस उसके आधार पर बदमाशो को चिन्हित करने का काम कर रही है शनिवार की आधी रात के बाद जिले के ब्रह्मपुरा थाना स्थित मेगा शॉप मॉल में दो बदमाश पहुंचे। दोनों ने अपना चेहरा ढक रखा था। दोनों ने पहले मॉल के शटर का ताला काटा। उसके बाद मॉल में घुस गए। बदमाश रात एक बजे मॉल में घुसे। करीब 2: 30 घंटे तक मॉल में रहे। इस दौरान मॉल के ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर पर कैश काउंटर को तोड़कर पैसा चोरी की। इसके बाद मॉल से कई कीमती सामान भी चोरी कर ली। मॉल के कर्मचारी सुबह 9:30 बजे मॉल का ताला खोलने आये तो देखा की शटर का दोनों ताला टूटा हुआ है। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई । मॉल के ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर के कैश काउंटर को तोड़ा गया है। उसमें रखे पैसा की भी चोरी की गई है। इसके साथ ही मॉल परिसर में रखे सामान भी इधर उधर बिखरा हुआ है। मॉल प्रशासन ने बताया कि हमलोग स्टॉक टैग टीम को सूचना दे दिए है। टीम के आने के बाद ही अमाउंट क्लियर हो पाएगा।

## क्या भाजपा का बिहार मे सिर्फ सत्ता की भूख है

**बेतिया।** राजनीति में सत्ता के लिये एक दूसरे को भला बुरा कहेंगे फिर सत्ता के लालच में एक दूसरे के कदम चूमने के लिये तत्पर होंगे भाजपा के इस कदम से आम जनता के बीच छवी कमजोर होगी पिछ्ले कुछ दिनों से बिहार मे भारी सियासी उठा पठक के बीच भाजपा नेता जो नीतीश को कई बार कोश चुके है पुनः सत्ता के लालच में इनके साथ बिहार की जनता का भला करने की तैयारी मे है। भले ही सियासी नेताओं के लिये सत्ता के लालच में ऐसे कृत्य को अच्छा माना जाता हो परंतु लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह जनता के मतदान को मज़ाक में तब्दील करने जैसा है, चाहे इस कृत्य से नेताओ को लाभ होता हो परंतु कहीं ना कहीं यह भ्रस्टाचार को बढ़ावा देने का कार्य करता है। और अगर सही मायने में देखा जाय तो बिहार मे भाजपा को नीतीश के साथ फिर से सरकार बनाना कहीं ना कहीं एक वर्ग को सोचने पर मजबूर कर रहा होगा की क्या नरेंद्र मोदी इतने जनसमर्थन के बाबजूद बार बार नीतीश के नीचे अपनी सरकार बनाकर क्या दिखाना चाहती है आखिर ऐसा क्या सत्ता का लालच जो नीतीश द्वारा एक बार बेआबरू होकर सत्ता से बाहर होने के बाद पुनः नीतीश के साथ पुनः शासन करने को तैयार है

## चनपटिया के कैथवलिया में गोली चली

**बेतिया।** चनपटिया के कैथवलिया में बुधवार को दोपहर जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई जिसमे महना कुली पंचायत के पूर्व मुखिया अजय सिंह और उनके समर्थकों पर ओमप्रकाश प्रसाद के निर्माणाधीन मकान में तोड़फोड़ का आरोप है साथ ही ग्रामीणों द्वारा हवाई फायरिंग की बात कही गई परंतु थाना अध्यक्ष द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई। लोगों द्वारा हमला करने आये युवकों में से एक को पकड़ सूचना पर पहुंचीं पुलिस के हवाले कर दिया जानकारी के अनुसार चनपटिया थाना के कैथवलिया चौक पर ओमप्रकाश प्रसाद के मकान का निर्माण चल रहा था तभी पूर्व मुखिया अपने समर्थकों के साथ पहुँचकर निर्माणाधीन मकान में तोड़फोड़ करने लगे । जानकारी के अनुसार काम कर रहे मजदूरों को भयभीत करने के लिये हवाई फायरिंग भी हुई परंतु थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि नहीं की है उन्होंने कहा कि जाँच के बाद ही फायरिंग की पुष्टि होगी।

## नौतन खुर्द में अगलगी,20 हजार नकदी समेत लाखों का घरेलू सामग्री का नुकसान

**प० चंपारण, बेतिया।** रविबार को नौतन खुर्द पंचायत के वार्ड 2 में अचानक लगी आग से तीन घर जलकर नष्ट हो गया।इस अगलगी में तीन घर जलकर नष्ट हो गया।जिसमे 20 हजार नकद समेत लाखो की घरेलू सामग्री जलकर नष्ट हो गया।जानकारी पंचायत के मुखिया सौदागर साह2 ने दी।उन्होंने बताया कि अगलगी में बिरलाल पासवान,बीटू पासवान और संजय पासवान का घर जलकर नष्ट हो गया।अगलगी में बाइक ,साईकल अनाज और आभूषण जलकर नष्ट हो गया।पंचायत के मुखिया सौदागर साह ने बताया कि अग्निशमन के आने और घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।उन्होंने सीओ सुरजकांत कोघटना की सूचना दे दी है।सीओ ने सोमबार को क्षति का आकलन के लिए राजस्व निरीक्षक को भेजने का आश्वाशन दिया है।पीड़ित परिवार में बड़ी मायूसी है।

## मझौलिया में आग से जलकर घर खाक

**बेतिया।** मझौलिया में रविवार की सुबह 11 बजे एक फूसनुमा घर में आग लग गई। जिसके कारण घर मे रखा सभी सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों द्वारा जब तक आग पर काबु पाया गया तब तक अनाज, बर्तन, कपड़ा, बाइक और 50 हजार नगद जलकर राख हो गया। पीड़ित बिरलाल पासवान ने कहा कि रविवार सुबह सभी लोग खाना खाकर अपने-अपने काम पर चले गए थे। बच्चे और महिलाएं घर में ही थे। इसी बीच करीब 11:00 बजे अचानक घर में आग लग गई।

## बिहार में 31 जनवरी तक ठंड से राहत नहीं

**पटना।** बिहार में पछुआ और उत्तरी पछुआ हवा चलने से लगातार ठंड में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। वहीं, मौसम विभाग ने 31 जनवरी तक प्रदेश के उत्तरी भागों में कहीं कोल्ड डे तो कहीं सीवियर कोल्ड डे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। पटना समेत राज्य के दक्षिण भाग में मौसम साफ रहने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं, पिछले 24 घंटे के दौरान 4.6 डिग्री सेल्सियस के साथ बांका जिला सबसे ठंडा रहा। पटना का न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री दर्ज किया गया जो शुक्रवार से 3.4 डिग्री अधिक था। वहीं अधिकतम तापमान में करीब 3 डिग्री का इजाफा हुआ और 21.5 डिग्री दर्ज किया गया।

## घर से बुलाकर दोस्त की हत्या, शव को पुआल में छुपाया

**चिरैया।** दो दोस्तों ने मिलकर एक दोस्त को घर से बुलाकर व नेपाल ले जाकर उसकी हत्या कर दी। वहीं साक्ष्य मिटाने के लिए शव को पुआल में छुपा दिया गया था। रविवार की देर रात आग लगा देने की योजना थी। लेकिन इसके पूर्व ही मृतक के परिजनों ने शव को कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के तेलहरा गांव स्थित एक पुआल के पुजौला से बरामद कर शिकारगंज पुलिस के हवाले कर दिया। जिसे पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया है। मृतक नीतीश कुमार शिकारगंज थाना क्षेत्र के रूपहरा गांव निवासी दीनानाथ साह का पुत्र है। जो शनिवार को गांव के ही अपने दोस्त राकेश कुमार और मनीष कुमार बैठा के साथ नेपाल गया था। इसी क्रम में राकेश कुमार और मनीष कुमार बैठा ने मारपीट कर नीतीश की हत्या कर शव को पुआल के पुजौला में छुपा दिया। जब शनिवार की देर रात तक वह घर नही आया। तब परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। मामले को लेकर मृतक के पिता ने प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाना में एक आवेदन पत्र दिया है। जिसमें मृतक के दोनों दोस्त राकेश कुमार और मनीष कुमार बैठा को आरोपित किया गया है। शिकारगंज थानाध्यक्ष मो.शाहरुख ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, कोहराम

**सुगौली।** प्रखंड अंतर्गत छपवा-बेतिया रोड स्थित पेट्रोल पंप के समीप हुई सड़क हादसे में एक बाइक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पश्चिम चंपारण के मझौलिया के माधोपुर शेख टोली निवासी स्व. नूरमोहम्मद के पुत्र शेख नसीमुल हक के रूप में हुई है। मृतक सुगौली बंगरा समीप टोल टैक्स के समीप टायर पंचर की दुकान चलाता था। दुकान बंद कर वह अपने घर जा रहा था। इसी क्रम के अज्ञात वाहन के चपेटे में आने से उनकी मौत घटना एमस्थल पर ही हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और परिजनों को घटना से अवगत कराया। परिजनों ने सुगौली थाना पहुंच कर शव की पहचान की। परिजनों में काफी गम का माहौल देखा गया। मृतक को एक पुत्र एक पुत्री है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## विदेशी शराब का खेप जब्त, तस्कर धराया

**सुगौली।** पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर शराब का खेप बरामद किया है। वहीं छापेमारी में एक कारोबारी भी धराया। मिली जानकारी के अनुसार, नगर के कुरूटोला गांव निवासी विजय यादव का पुत्र सुजीत कुमार के घर से पुलिस ने शनिवार को सुबह छापेमारी कर घर में रखे 168 पीस विदेशी शराब सहित कारोबारी को भी हिरासत में लेकर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया है की गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की गई गिरफ्तार कारोबारी के शराब के धंधे में लिप्त होने की सूचना मिली थी।

## 60 लीटर देशी शराब बरामद

**पताही।** पुलिस ने रविवार को बोकाने काल पंचायत से एक बाइक के साथ 60 लीटर देशी शराब को बरामद किया है। थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि एक बाइक पर शराब लाद कर धंधेबाज घूम रहा था। तभी वहां के कुछ लोग पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शराब धंधेबाज को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन वह भागने में सफल हो गया। मौके से पुलिस ने 60 लीटर शराब और एक मोटरसाइकिल को जब्त कर थाने लाई है। पुलिस जब्त मोटरसाइकिल के आधार पर शराब धंधेबाज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। धंधेबाज को पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। छापेमारी टीम में दरोगा राजीव कुमार सहित अन्य पुलिस बल के जवान शामिल थे।

## मढ़ौरा फेंड फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड केंद्र का हुआ शुभारंभ



**छपरा।** मढ़ौरा प्रखंड के तकिना गांव में रविवार को जन जागरण संस्थान के तत्वावधान में निर्मित मढ़ौरा फेंड फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड केंद्र का शुभारंभ किया गया। जनजागरण केंद्र के सचिव संजय कुमार एवं नवजागृति संस्था के सचिव जितेंद्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दर्जनो गणमान्य लोगों की उपस्थिति में इस केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए संस्था के सचिव ने कहा कि किसानों को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से संस्था के माध्यम से ऐसे केंद्रो की स्थापना की जा रही है। जहां से किसानो को सस्ते दर पर खाद बीज उपलब्ध कराया जाएगा।

# शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले घोड़ासहन के तीन शिक्षक हुए सम्मानित

चाणक्य भूमि। घोड़ासहन



मुख्यालय स्थित गांधी ऑडिटोरियम में डीएम सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा व कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के दर्जनों शिक्षक सम्मानित हुए। घोड़ासहन प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय झरोखर के शिक्षक राकेश कुमार, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंदरपुर के प्रधानाध्यापक उदय नारायण मेहता एवं पूर्वी चंपारण में गांधी मैदान में आयोजित परेड में प्रथम स्थान प्राप्त शिक्षा विभाग के झांकी को तैयार वाले युएमएस कोरैया के शिक्षक रामनिवास कुमार को शिक्षा विभाग के द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। जो प्रखंड समेत पूर्वी चंपारण के लिए गर्व की बात है। बधाई देने वालों में घोडासहन शिक्षा पदाधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी बिंदु कुमार, पूर्व बीआरपी मुन्ना राम, मोहम्मद नूरुल होदा, संतोष सिंह, मो. मेराज हुसैन, पुण्यदेश्वर प्रसाद, ओमप्रकाश जायसवाल, जालंधर पटेल, शोभा कुमारी कुशवाहा, अजीत कुमार, अनिता कुमारी, मुकेश कुमार, शिक्षक नेता सुनील यादव, राजमंगल यादव, राहुल सिंह, रत्नेश कुमार, प्रकाश कुमार ,श्याम किशोर प्रसाद, अर्जुन कुमार, समेत झरोखर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रभात कुमार सिन्हा, पूर्व मुखिया अमरेंद्र प्रसाद कुशवाहा, सरपंच सबुनंदन कुमार, ईस्टमैन बैटरी के मैनेजर सतीश श्रीवास्तव, पैक्स अध्यक्ष रामलाल प्रसाद, सुभाष कुशवाहा, बिशनपुर मुखिया प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, वीरेंद्र कुशवाहा आदि का नाम शामिल है।

# इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं का विदाई-सह- सम्मान समारोह आयोजित

### एमजीटी नेवारी में आयोजित हुआ फेयरवेल कार्यक्रम

चाणक्य भूमि। छपरा



तरैया प्रखंड के नेवारी गांव स्थित माँ गायत्री ट्यूटोरियल में रविवार को इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2024 में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कोचिंग संस्थान के शिक्षक व अन्य अतिथियों ने इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा की तैयारी एवं उसके प्रश्न पत्र के प्रारूप के बारे में परीक्षार्थियों को पूर्ण रूप से जानकारी दी तथा उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल होने एवं अच्छे अंक लाने की शुभकामना दी। फेयरवेल कार्यक्रम में एमजीटी के निदेशक सह मोटीवेटर मुकेश अभिनंदन, शिक्षक अमित कुमार सिंह, मोटीवेटर सह पत्रकार हर्ष नारायण सिंह रमण, पत्रकार रंजन श्रीवास्तव, पत्रकार चंदन कुमार चंचल, शिक्षक अशोक कुमार सिंह, मोनू कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, दीपक कुमार, रितेश कुमार, सरोज कुमार सिंह समेत अन्य शिक्षकों ने परीक्षार्थियों का हौसला अफजाई किया एवं उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस दौरान एमजीटी के निदेशक मुकेश अभिनंदन ने अच्छे कार्य एवं अनुशासन के साथ कोचिंग में नियमित रूप से पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्रोंओं को प्रशस्ति-पत्र व मेडल देकर उन्हें सम्मानित किया। मौके पर शिक्षक अमित कुमार सिंह, मोटीवेटर सह पत्रकार हर्ष नारायण सिंह रमण, पत्रकार रंजन श्रीवास्तव, पत्रकार चंदन कुमार चंचल, शिक्षक अशोक कुमार सिंह, मोनू कुमार सिंह, अभिमन्यु कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, दीपक कुमार, रितेश कुमार, सरोज कुमार सिंह, राणा कुमार, खान साहेब समेत अन्य शिक्षक व गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी का अंतर भुगतान किसानों के खातों जायेगी

### अफवाहों से बचने का किसानों से किया आहवान



**मझौलिया।** शुगर इंडस्ट्रीज मझौलिया में अगले वर्ष 80 लाख क्विंटल गन्ना पेराई की योजना है। इस वावत नये प्रभेद का गन्ना विकास कार्य शुरू कर दिया गया है।इस बार हमलोग नार्मल चीनी के बदले रिफाइनरी चीनी का उत्पादन कर रहे है।यह कहना है मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज के जीएम केन डॉ.जयप्रकाश त्रिपाठी का।शुक्रवार को वे अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।उन्होंने कहा कि गन्ना के क्षेत्रफल तथा तकनीकी क्षमता विस्तार पर काम हो रहा है।उन्होंने किसानों और श्रमिको से अफवाहों से बचने की सलाह दी।उन्होंने कहा कि कुछ लोग मिल बिकने का भ्रम फैला रहे है।इस बात में कोई सच्चाई नही है।उन्होंने इस अफवाह को सिरे से खारिज कर दिया।उन्होंने कहा कि किसानों को दिग्भर्मित होने की जरूरत नही है।हेड क्वार्टर के आला अधिकारियों से भी इस संदर्भ में वार्ता हुई है।उनलोगों ने भी फैक्ट्री के बिकने की बात को महज अफवाह बताया है।,और किसानों व कर्मियों को आश्वस्त किया है कि बिकने की बात तो दूर एक और कोई फैक्टरी का नाम मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज में जुट जाये।गन्ना भुगतान के संबंधित पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भुगतान में निरंतरता बनी हुई है।अगले सप्ताह दिसम्बर माह का पूर्ण भुगतान समाप्त हो जायेगा।उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य निर्धारण में विलंब हुआ है।सरकार ने सभी प्रभेदों पर 20 रुपये का बढ़ोतरी किया है।बढ़ोतरी का अंतर भुगतान किसानों के खाते में भेजी जा चुकी है।

# जोड़दर्द को हल्के में ना ले गठिया के लक्षण- डॉ उमेश

**बेतिया। आईएमए पश्चिम चंपारण इकाई के द्वारा ओस्टियोआर्थराइटिस बीमारी के आधुनिक इलाज विषय पर सेमिनार आयोजन किया गया जिसमे मुख्य वक्ता के रूप हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार ने अपने विचार व्यक्त किये इंडियन मेडिकल एसोसिएशन पश्चिम चंपारण इकाई के बैनर तले स्थानीय नगर के होटल के निजी सभागार में "ओस्टियोआर्थराइटिस बीमारी के आधुनिक इलाज विषय" पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अपना व्याख्यान देते हुए शहर के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार ने कहा कि अभी ठंड के मौसम में शरीर के जोड़ों के दर्द के मरीज बढ़ गए हैं। प्रत्येक मरीज में जोड़ का दर्द एक समान नहीं होता क्योंकि जोड़ का दर्द का कारण अनेकों है। यह गठिया रोग के भी लक्षण हो सकते हैं।इसलिए जोड़ के दर्द को हल्के में ना ले।आजकल देखने को मिल रहा है कि 40 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों में (जिनमें अधिकतर महिलाएं हैं) उनको जोड़ के दर्द की समस्या आम बात हो गई है। इसका प्रमुख कारण खान-पान में कमी, आधुनिक जीवन शैली, नियमित व्यायाम नहीं करना शामिल है। जोड़ के दर्द से बचने के लिए अपने हड्डी को मजबूत एवं स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। सप्ताह में 5 दिन आधे घंटे का नियमित व्यायाम करें। धूम्रपान एवं अल्कोहल से परहेज रखना हड्डी के मजबूती के लिए बहुत जरूरी है। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के पूर्व अस्पताल अधीक्षक एवं सर्जन डॉ प्रमोद कुमार तिवारी, एसीएमओ डॉ रमेश चंद्र, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ जावेद कमर, आईएमए जिला सचिव डॉ अनिल कुमार, फिजिशियन डॉ दिलीप कुमार, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रंजीत राय, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ महाश्रय सिंह ने संयुक्त रूप से मिलकर मुख्य वक्ता हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन जिला सचिव डॉ अनिल कुमार ने किया।**

# 5 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

- मानननीय प्रभारी मंत्री ने मुख्य समारोह स्थल पर किया झंडोत्तोलन
- समाहरणालय प्रांगण में जिलाधिकारी द्वारा किया गया झंडोत्तोलन
- विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले खिलाड़ियों, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कृषक को किया गया सम्मानित



**बेतिया**। 75 वां गणतंत्र दिवस समारोह संपूर्ण जिला क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थानीय महाराजा स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह में श्री ललित कुमार यादव, माननीय प्रभारी मंत्री, बेतिया-सह-माननीय मंत्री लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार सरकार द्वारा गणतंत्र दिवस परेड का निरीक्षण किया गया तथा झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर माननीय विधान पार्षद, श्री सौरभ कुमार, महापौर, नगर निगम, बेतिया, श्रीमती गरिमा देवी सिकारिया एवं अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण, जिला पदाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय, उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, श्री राजीव कुमार, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, श्री अनिल राय, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, श्री अखिलेश कुमार, एसडीएम, बेतिया, श्री विनोद कुमार, एएसडीएम, बेतिया, श्री अनिल कुमार, नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया, श्री शंभु कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, श्री कुमार रविन्द्र, वरीय उप समाहर्ता, श्री सुजीत बरनवाल, श्री विपिन कुमार यादव, जिला खेल पदाधिकारी, श्री विजय पडित, उप निर्वाचन पदाधिकारी, श्री लालबहादुर राय, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी, श्री अनंत कुमार, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, श्री अनिल कुमार, निदेशक, डीआरडीए, श्री अरूण प्रकाश, विशेष कार्य पदाधिकारी, श्री सुजीत कुमार, सिविल सर्जन, डॉ0 श्रीकांत दूबे सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी, कर्मी, गणमान्य व्यक्ति, पत्रकारगण, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित थे। मुख्य समारोह स्थल के उपरांत समाहरणालय प्रांगण में जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। विकास भवन में उप विकास आयुक्त, श्री अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक कार्यालय बेतिया में एसपी, श्री अमरकेश डी द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इसके साथ ही सभी कार्यालय प्रधान द्वारा अपने कार्यालय तथा आवंटित महादलित बस्तियों में झंडोत्तोलन कार्यक्रम में भाग लिया गया। मुख्य समारोह स्थल महाराजा स्टेडियम में माननीय प्रभारी मंत्री ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम में पश्चिम चम्पारण जिला के योगदान एवं बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। जिले में क्रियान्वित विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित उपलब्धियों को साझा किया। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन सन् 1950 में हमारा देश गणतंत्र बना। इसी दिन से हमारे देश में भारत का संविधान लागू किया गया। पश्चिम चम्पारण वह जिला है जहां से भारतीय आजादी का शंखनाद हुआ, आज उसी भूमि पर राष्ट्रीय झण्डोत्तोलन करते हुए मैं अपार हर्ष का अनुभव कर रहा हूँ। भारत की आजादी के समग्र इतिहास में पश्चिम चम्पारण जिला का अतुलनीय योगदान रहा है। वर्ष 1907 ई0 से ही चम्पारण के किसान, नीलहों के अत्याचार के विरूद्ध समय-समय पर संघर्ष करते आ रहे थे, जिसका नेतृत्व जिला स्तर के नेताओं श्री शेख गुलाब, शीतल राय, पंडित राजकुमार शुक्ल आदि द्वारा किया जा रहा था। पंडित राजकुमार शुक्ल द्वारा सन् 1916 ई0 के कांग्रेस के 31 वें लखनऊ अधिवेशन में सम्पूर्ण जिले के दुख-दर्द से महात्मा गाँधी को अवगत कराया गया, जिससे प्रभावित होकर गाँधी जी ने चम्पारण के रैयतों के बारे में एक सहानुभूति प्रस्ताव पारित कराया। पंडित राजकुमार शुक्ल के प्रयास से 15 अप्रैल, 1917 को चम्पारण की धरती पर महात्मा गाँधी का आगमन हुआ तथा उनके नेतृत्व में नील आंदोलन चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप नीलहों के अमानवीय अत्याचार से चम्पारण के किसानों को मुक्ति मिली। अगस्त, 1942 में महात्मा गाँधी के "करो या मरो" के आह्वान पर 24 अगस्त, 1942 को बेतिया में लगभग 10,000 से ज्यादा निहत्थे प्रदर्शनकारियों ने अंग्रेजों के खिलाफ भारत छोड़ों का नारा बुलंद किया। इसी के क्रम में अंग्रेजी सरकार द्वारा निहत्थे प्रदर्शनकारियों पर गोली चलायी गयी जिसमें भारत माता के आठ सपूत श्री रामेश्वर मिश्र, श्री गणेश राव, श्री भागवत उपाध्याय, श्री जगन्नाथ पुरी, श्री फौजदार अहीर, श्री तुलसी राउत, श्री गणेश राय एवं श्री भिखारी कोईरी शहीद हुए। इन सपूतों की याद में बेतिया में शहीद स्मारक का निर्माण कराया गया है। इस शुभ अवसर पर आजादी के वीर सेनानी, महान सपूत जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान दिया, उन्हें मैं नमन करता हूँ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का मूल संकल्प न्याय के साथ सर्वांगीण विकास करना है और विकास की इस यात्रा के क्रम में जो संकल्प लिए गए हैं, उसकी प्राप्ति के लिए सरकार पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सरकार की महत्वाकांक्षी एवं सर्वजन हिताय हेतु दृढ़ संकल्पित सात निश्चय योजनाओं का क्रियान्वयन जिले में सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत (1) आर्थिक हल युवाओं को बल (2) आरक्षित रोजगार महिलाओं को अधिकार (3) हर घर बिजली लगातार (4) हर घर नल का जल (5) पक्की गली-नाली योजना (6) शौचालय निर्माण घर का सम्मान एवं (7) अवसर बढ़े-आगे पढ़े आदि महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत जिले के 4125 (चार हजार, एक सौ, पचीस) वार्डों में तथा शहरी क्षेत्र के 134 वार्डों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध करा दिया गया है। वहीं मुख्यमंत्री ग्रामीण गली-नाली पक्कीकरण निश्चय योजना के तहत जिले के 4165 (चार हजार, एक सौ, पैसठ) वार्डों में तथा शहरी क्षेत्र के 137 (एक सौ सैतिस) वार्डों में कार्य पूर्ण कर लिया गया है।ग्रामीण क्षेत्र के 303 (तीन सौ तीन) पंचायतों एवं शहरी क्षेत्र के 137 (एक सौ सैंतीस) वार्डों को ओ0डी0एफ0 घोषित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री कृषि विद्युत सम्बंधन योजना में 31 पृथक फीडर का निर्माण कराया गया है, जिसमें कुल 7536 (सात हजार, पाँच सौ, छतीस) उपभोक्ता लाभान्वित हुए है। साथ ही साथ स्मार्ट मीटर अधिष्ठापन के अन्तर्गत विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, बेतिया में अब तक 78478 (अठहत्तर हजार, चार सौ, अठहतर) स्मार्ट मीटर का अधिष्ठापन ग्रामीण परिवेश में किया जा चुका है। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बेतिया अन्तर्गत पूर्व से 491 (चार सौ इक्यानबे) अदद योजनाओं के माध्यम से 795 (सात सौ पंचानबे) अदद वार्डा में नल से जल दिया जा रहा है। शेष कुल 3490 (तीन हजार चार सौ नब्बे) अदद नल-जल योजनाओं को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की स्वीकृति के पश्चात क्रियान्वित किया जा रहा है। गौनाहा प्रखण्ड के धमौरा पंचायत के भिखनाठोरी ग्राम में सोलर आधारित योजना का निर्माण किया गया है, जिससे भिखनाठोरी की जनता को पानी की समस्या से निजात मिल गया है। कुल 330 चापाकल का निर्माण हो चुका है। विशेष चापाकल (कनवर्जन) के अन्तर्गत 500 के लक्ष्य के विरुद्ध 200 चापाकलो का कनवर्जन किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति में है। प्रधानमंत्री आवास योजना- पूर्व के लंबित आवासों में से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 1666 एवं इंदिरा आवास योजना अन्तर्गत 3494 कुल 5160 आवासों को पूर्ण किया जा चुका है। इस योजना अन्तर्गत कुल 2943.17.लाख रुपये व्यय किया गया है। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान- द्वितीय चरण अंतर्गत ''स्वच्छ गाँव समृद्ध गाँव'' के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु कुल 21.06 करोड़ की राशि का व्यय किया गया है। महात्मा गाँधी नरेगा योजना के तहत वर्ष 2023-24 में कुल 131141 (एक लाख, एकतीस हजार, एक सौ, एकतालिस) परिवारों को रोजगार उपलब्ध कराते हुए 46.12 (छियालिस लाख, बारह हजार) मानव दिवस का सृजन किया गया है। इस योजना अन्तर्गत अब तक 173.84 करोड़ (एक सौ तिहत्तर करोड़ चौरासी लाख) राशि व्यय की गयी है।



















## बीते तीन सप्ताह से भी अधिक समय से जारी शीतलहर गरीब और असहायों के लिए कठिन संकट:गरिमा

- नगर निगम की ओर से जारी सार्वजनिक महत्व के दर्जनों स्थानों पर की अलाव व्यवस्था का औचक निरीक्षण के बाद बोली महापौर
- कार्यरत्त निगम कर्मियों को दिया मौसम सामान्य होने तक अलाव व्यवस्था नियमित तौर पर जारी रखने का दिया आदेश



**बेतिया**। नगर निगम प्रशासन की ओर से बीते करीब तीन सप्ताह से जारी सार्वजनिक महत्व के दर्जनों स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था जारी है।नगर निगम के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, स्टेशन चौक, हॉस्पिटल रोड, सुप्रिया सिनेमा चौक, नजरबाग, रिक्शा स्टैंड, त्रिमूर्ति चौक, तीन लालटेन चौक, लाल बाजार एवं अन्य स्थानों पर अलाव जलाए जाने के औचक निरीक्षण के बाद महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि बीते तीन सप्ताह से भी अधिक समय पूरे जिला और बिहार से जारी शीतलहर गरीब और असहायों के लिए बहुत ही कठिन संकट है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने जनहित के अत्यंत जरूरी इस कार्य कार्यरत्त निगम कर्मियों को दिया मौसम सामान्य होने तक अलाव व्यवस्था नियमित तौर पर जारी रखने का आदेश दिया। उन्होंने नगर निगम के कामकाजी और गरीब लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त किया। उनका कहना था कि बच्चों और बुजुर्गों को बहुत जरूरी होने पर ही ऐसे खतरनाक मौसम में अपने घर से निकलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी मौसम में उनकी ओर से सैकड़ो जरूरतमंद और गरीब परिवारों को अपनी ओर से उन्होंने मुफ्त कंबल बांटा है। जरूरतमंद लोगों की सेवा में वे आगे लगातार सक्रिय रहेंगी

## नौतन खुर्द में अगलगी,20 हजार नकदी समेत लाखों का घरेलू सामग्री का नुकसान

### अग्निशमन के आने और घंटो मशकत के बाद आग पर पाया गया काबू



**प० चंपारण, बेतिया**। रविबार को नौतन खुर्द पंचायत के वार्ड 2 में अचानक लगी आग से तीन घर जलकर नष्ट हो गया।इस अगलगी में तीन घर जलकर नष्ट हो गया।जिसमे 20 हजार नकद समेत लाखो की घरेलू सामग्री जलकर नष्ट हो गया।जानकारी पंचायत के मुखिया सौदागर साह2 ने दी।उन्होंने बताया कि अगलगी में बिरलाल पासवान,बीटू पासवान और संजय पासवान का घर जलकर नष्ट हो गया।अगलगी में बाइक ,साईकल अनाज और आभूषण जलकर नष्ट हो गया।पंचायत के मुखिया सौदागर साह ने बताया कि अग्निशमन के आने और घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।उन्होंने सीओ सुरजकांत कोघटना की सूचना दे दी है।सीओ ने सोमबार को क्षति का आकलन के लिए राजस्व निरीक्षक को भेजने का आश्वाशन दिया है।पीड़ित परिवार में बड़ी मायूसी है।

## दी नैशनल सेंट्रल को -ऑपरेटिव बैंक की आम सभा बैठक सम्पन्न




**बेतिया**। आज दिन रविवार को दी नैशनल सेंट्रल को -ऑपरेटिव बैंक की आम सभा बैठक बैंक परिक्षर मे आयोजित की गई । जिसमे बैक के सभी पदेन सदस्य उपसाठीत थे । सर्वप्रथम सभा की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई । जिसके बाद राष्ट्र गान का कार्यक्रम हुआ । बैठक को अध्यक्ष संतोष कुमार समेत प्रबंध निदेशक ने संबोधित किया । इस आम सभा के माध्यम से सभी सदस्यों को बैंक के शेयर होल्डरों के संबंध मे हुए बदलाव के संबंध मे बताया गया और सभी सदस्यों की सहमति से इस प्रस्ताव को पास कराया गया । निदेशक पवन कुमार सिंह द्वारा बैंक परिसर के पिछले हिस्से को सुसज्जित करने का प्रस्ताव रखा गया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया । पवन सिंह ने बताया की ऐसा करने से हमे किसी तरह के आयोजन के लिए अन्य किसी जगह नहीं जाना पड़ेगा । और बैंक को आर्थिक लाभ भी होगा ।

## जोड़दर्द को हल्के में ना ले गठिया के लक्षण- डॉ उमेश

**बेतिया**। आईएमए पश्चिम चंपारण इकाई के द्वारा ओस्टियोआर्थराइटिस बीमारी के आधुनिक इलाज विषय पर सेमिनार आयोजन किया गया जिसमे मुख्य वक्ता के रूप हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार ने अपने विचार व्यक्त किये इंडियन मेडिकल एसोसिएशन पश्चिम चंपारण इकाई के बैनर तले स्थानीय नगर के होटल के निजी सभागार में "ओस्टियोआर्थराइटिस बीमारी के आधुनिक इलाज विषय" पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अपना व्याख्यान देते हुए शहर के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार ने कहा कि अभी ठंड के मौसम में शरीर के जोड़ों के दर्द के मरीज बढ़ गए हैं। प्रत्येक मरीज में जोड़ का दर्द एक समान नहीं होता क्योंकि जोड़ का दर्द का कारण अनेकों है। यह गठिया रोग के भी लक्षण हो सकते हैं।इसलिए जोड़ के दर्द को हल्के में ना ले।आजकल देखने को मिल रहा है कि 40 वर्ष के ऊपर के व्यक्तियों में (जिनमें अधिकतर महिलाएं हैं) उनको जोड़ के दर्द की समस्या आम



बात हो गई है। इसका प्रमुख कारण खान-पान में कमी, आधुनिक जीवन शैली, नियमित व्यायाम नहीं करना शामिल है। जोड़ के दर्द से बचने के लिए अपने हड्डी को मजबूत एवं स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। सप्ताह में 5 दिन आधे घंटे का नियमित व्यायाम करें। धूम्रपान एवं अल्कोहल से परहेज रखना हड्डी के मजबूती के लिए बहुत जरूरी है। गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज के पूर्व अस्पताल अधीक्षक एवं सर्जन डॉ प्रमोद कुमार तिवारी, एसीएमओ डॉ रमेश चंद्र, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ जावेद कमर, आईएमए जिला सचिव डॉ अनिल कुमार, फिजिशियन डॉ दिलीप कुमार, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रंजीत राय, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ महाश्रय सिंह ने संयुक्त रूप से मिलकर मुख्य वक्ता हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन जिला सचिव डॉ अनिल कुमार ने किया।

## मझौलिया में गणतंत्र दिवस पर झंडोतोलन की धूम

**प० चंपारण,मझौलिया**

गणतंत्र दिवस पर प्रखंड क्षेत्र में झंडोतोलन की धूम रही। शुगर इण्डस्ट्रीज में डॉ.जे पी त्रिपाठी ने परेड की सलामी ली तथा झंडोतोलन किया।इस अवसर पर जीएम इंजीनियरिंग संतोष कुमार,जीएम प्रोडक्शन सर्वेश कुमार दुबे,एजीएम विजय आनंद,प्रोडक्शन हेड प्रदीप शुक्ला, वरीय मैनेजर एच आर रमाकान्त मिश्रा,मैनेजर इलेक्ट्रिकल राकेशचंद्र त्रिपाठी,ऑफिसर टाइम



ऑफिस एस पी श्रीवास्तव,सेफ्टी ऑफिसर गोविंद चौधरी,सिविल इंजीनियर बिजय कुमार पांडेय आदि शामिल रहे। प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख शुक्ता मुखी,अंचल में सीओ सुरजकांत,आईसीडीएस में सीडीपीओ पूनम कुमारी,पंचायत भवन में मुखिया सत्यप्रकाश,मनरेगा ऑफिस में पीओ नीरज पांडेय,सत्यनारायण सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सचिव अजित सिंह, सीएचसी मझौलिया में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.ओमप्रकाश ने झंडोतोलन किया और संबिधान का पाठ दोहराया।सीएचसी के कर्मी पगड़ी पहन कर झंडोतोलन में शामिल हुए,जो आकर्षण का केंद्र बिंदु बना रहा।शिक्षण संस्थानों में झंडोतोलन के अलावे सांस्कृतिक कार्यक्रमो की धुम रही।

## बिहार मे सरकार बनने के बाद मोदी बेतिया मे करेंगे रैली



**बेतिया**। बिहार में जारी सियासी उथल-पुथल के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार आएंगे। हालांकि पीएम के आने से पहले ही बिहार में NDA की सरकार बन गई है । पीएम के साथ कार्यक्रम में पलटू मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शामिल होने की प्रबल संभावना है। हालांकि, यह कार्यक्रम पहले से ही तय था। लेकिन प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लगातार तीसरी बार बदलाव हुआ है। 4 फरवरी को वह बिहार के बेतिया में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। पहली बार प्रधानमंत्री का कार्यक्रम 13 जनवरी को होने की चर्चा शुरू हुई थी। इसके बाद 27 जनवरी को तिथि निर्धारित होनी थी। लेकिन बाद में तिथि में बदलाव कर इसे 4 फरवरी किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714